42. त्रिवलोन
43. मिजोरम
44. दमन एवं दीव
45. लक्षद्वीप एवं मिनिकाय
46. दादर तथा नागर हवेली
47. पांडिचेरी
48. बंबई
49. दिल्ली

**International Response Postal coupons**

1963. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that International Response Postal Coupons are to be exchanged only at a few of the main post offices in Delhi and elsewhere and if so list of such post offices;

(b) whether Government are aware that these coupons are being honoured only at Parliament Street and are being refused at places like Lodi Road, if so, the reasons therefor; and

(c) what steps Government propose to take to ensure that these coupons are honoured at any of the post offices or atleast at the sub-post offices at Malaviya Nagar and Yusuf Sarai?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) to (c) All Head Post Offices and Departmental Sub Post Offices in the country are required to provide facilities for the exchange of International Reply Coupons. In Delhi, however, 12 post offices listed in Statement are exchanging International Reply Coupons (*See* below). There are no reports of refusal of these Coupons at Lodhi Road Head Post-Office in Delhi. Instructions have been reiterated to ensure that all Departmental Post Offices in Delhi and elsewhere provide facility for exchange of International Reply Postal Coupons.

**Statement**

| S.No. | Name of HO/SO | Status |
|---|---|---|
| 1. | Parliament Street . . | HO |
| 2. | Sarojini Nagar . . . | HO |
| 3. | New Delhi GPO . . | HO |
| 4. | Delhi GPO . . . | HO |
| 5. | Inderprastha . . . | HO |
| 6. | Ramesh Nagar . . . | HO |
| 7. | Lodi Road . . . | HO |
| 8. | Ashok Vihar . . . | HO |
| 9. | D.H.Q. P.O. . . . | SO |
| 10. | Lajpat Nagar . . . | SO |
| 11. | Connaught Place . . | SO |
| 12. | Eastern Court . . . | SO |

**देश में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची**

1964. **श्री विनोद शर्मा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची में व्यक्तियों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तीन वर्ष पूर्व प्रतीक्षा सूची में कितने व्यक्ति थे और इस समय स्थिति पर क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान कुल कितने टेलीफोन कनेक्शनों को स्वीकृति प्रदान की गई;

(घ) क्या सरकार ने देश में बढ़ती प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए भविष्य में टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध करने की वर्तमान पद्धति का विस्तार करने का विचार किया है, और

(ङ) यदि हां, तो बकाया मामलों को कब तक निपटा दिया जायेगा ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) :** (क) जी, हां।

(ख) 31-3-89 और 31-3-92 की स्थिति के अनुसार क्रमशः 14,19,556 और 22,86,593 व्यक्ति प्रतीक्षा सूची में थे।

(ग) वर्ष 1989-90 से 1991-92 तक के दौरान 16,35,726 टेलीफोन प्रदान किए गए हैं।

(घ) जी, हां।

(ङ) दूरसंचार विभाग ने आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992—97) तैयार की है जिसमें निम्नलिखित योजनाएं शामिल हैं :

— ग्रामीण तथा आदिवासी क्षेत्रों में वस्तुतः मांग होने पर टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करना।

—बड़ी टेलीफोन प्रणालियों के अन्तर्गत टेलीफोन कनेक्शनों हेतु प्रतीक्षा अवधि को दो वर्ष तकसीमित करना।

विस्तार योजनाएं तदनुसार तैयार की जा रही हैं।

**पुरानी पिन-कोड निदेशिका और एस. टी. डी. कोड**

1965. **मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी : क्या संचार** मंत्री 21 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1173 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के अधिकतर डाकघरों में उपलब्ध पिन-कोड निदेशिका बहुत पुरानी है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि दिल्ली में बिक्री-काउंटरों पर काफी समय से पिन-कोड निदेशिका उपलब्ध नहीं है ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ;

(ङ) क्या यह सच है कि देश में अधिकतर तार कार्यालयों में प्रदर्शित किए गए एस.टी.डी. कोड अद्यतन स्थिति नहीं दर्शाते, जिससे ग्राहकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) :** (क) और (ख) जी नहीं। डाकघरों में जो पिनकोड निदेशिका उपलब्ध है वह पुरानी नहीं है क्योंकि विभिन्न डाकघरों को जो पिनकोड नम्बर पहले आवंटित किए गए हैं, उनमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। निर्देशिका का वर्तमान संस्करण छपने के बाद वितरण डाकघरों में बदले गए कुछ नये डाकघरों के पिनकोड नम्बर शामिल किए जाने हैं। यह नम्बर शामिल किए जा रहे हैं और नई निर्देशिका छप रही है।

(ग) और (घ) छपाई में विलंब के कारण डाकघरों में, जिनमें दिल्ली के डाकघर भी शामिल हैं, बिक्री के लिए पिनकोड निर्देशिका की कमी है। पिनकोड निर्देशिका का छपाई में विलम्ब इसलिए हुआ क्योंकि इसे देखने के प्रयोजन से आसान बनाने के लिए इसके फारमेट में परिवर्तन किया गया। पिनकोड डायरेक्टरी का नया संस्करण संशोधित फारमेट में भुवनेश्वर स्थित विभागीय मुद्राणालय में छप रहा है।

(ङ) और (च) चूंकि, नेटवर्क में नए एस. टी. डी. स्टेशन निरंतर जुड़े रहे हैं, इसलिए नए एस.टी.डी. रूट को चालू करने और देश के सभी केन्द्रीय तारघरों/विभागीय डाकघरों को कोड आदि की सूचना देने के बीच समय का कुछ अंतर पड़ जाता है।